# मेट्रो 3 का काम इसी साल होगा शुरू!

■ विजय पांडे, मुंबई

- दिसंबर तक शुरू हो सकता है काम
- वर्क ऑर्डर सितंबर तक जारी किए जाने की तैयारी
- डिपो को लेकर कमिटी जल्द जमा करेगी रिपोर्ट

**मेट्रो 3 के काम** को तेज गति देने की तैयारी चल रही है। सितंबर अंत तक सिविल वर्क ऑर्डर जारी कर दिया जाएगा। शिफ्टिंग को लेकर जारी तमाम खींचतान के बीच इस साल के अंत तक मेट्रो 3 का काम शुरू हो सकता है। फिलहाल टेंडर का मूल्यांकन किया जा रहा है।

आरे स्थित मेट्रो 3 के कारशेड को लेकर कमिटी जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। एमएमआरसी (मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन) के नए लोगो के उद्घाटन के मौके पर एमएमआरडीए कमिश्नर यूपीएस मदान ने यह बात कही। मेट्रो 3 के कारशेड को लेकर फैसला कमिटी की रिपोर्ट आने के बाद ही होगा।

## अंधेरी, कुर्ला में होगी शिफ्टिंग

मेट्रो 3 के लिए रास्ते में आने वाले स्लम को अंधेरी के चकाला और कुर्ला में शिफ्ट किया जाएगा। एमएमआरसी को ये घर एसआरए द्वारा सौंपे जाएंगे। एमएमआरसी की एमडी अश्विनी भिडे ने कहा कि हम अपनी तैयारी कर रहे हैं। एसआरए द्वारा हमें घर मिलने के बाद सही समय पर लोगों को वे घर दे दिए जाएंगे। दक्षिण मुंबई स्थित राजनीतिक पार्टियों के दफ्तरों की शिफ्टिंग को लेकर दूसरी बार टेंडर मंगाए गए हैं। फिलहाल के टेंडर में ज्यादा भाड़ा मांगने के चलते वापस टेंडर मंगाने का फैसला किया गया है। वहीं, गिरगांव, कालबादेवी स्थित इमारतों में रहने वाले लोगों के पुनर्वास के लिए कंसल्टेंट नियुक्ति की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। इन इमारतों में रहने वालों का इन्हीं इलाकों में पुनर्वसन करने को लेकर चार महीने में रिपोर्ट आ जाएगी। इसके बाद आगे का काम शुरू किया जा सकेगा।

## मेट्रो 3 यथावत रहेगी

मेट्रो 3 के रूट में कोई परिवर्तन नहीं होगा। कोस्टल रोड के समानांतर मेट्रो बिछाने की खबरों के बीच एमएमआरसी की एमडी ने यह बात कही। अश्विनी भिडे ने कहा कि मेट्रो 3 काफी भीड़-भाड़ वाले इलाके से गुजरेगी। इसके रूट में परिवर्तन की कोई बात नहीं है।

## मेट्रो 1 के भाड़े के फैसले का समय

मेट्रो 1 के भाड़े को लेकर बनी 3 सदस्यीय समिति 10 जुलाई तक अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। इसके बाद मेट्रो 1 के भाड़े को लेकर अंतिम फैसला हो पाएगा। पिछले दिनों समिति ने जन सुनवाई करके लोगों की राय जानी थी। वर्तमान में वर्सोवा से घाटकोपर तक चलने वाली मेट्रो का किराया 10 से 40 रुपये तक है। तमाम सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है।

> मेट्रो 3 का वर्क ऑर्डर सितंबर अंत तक जारी किया जा सकता है। इसके बाद जल्द ही इसका काम शुरू हो जाएगा।
>
> – अश्विनी भिडे MD, MMRC